हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025

13 फतेहाबाद के युवकों ने हरिद्वार में चश्मे की दुकान में की तोड़फोड़



14 रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### रोडवेज बस की चपेट में आने से महिला की मौत

**फतेहाबाद।** रतिया-भूना रोड पर मंगलवार सुबह हुए एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। गांव महमदपुर सोत्र के निकट सुबह पैदल जा रही महिला को हरियाणा रोडवेज की बस ने टक्कर दे मारी। टक्कर के बाद महिला बस के नीचे आ गई और कुचले जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान महमदपुर सोत्र निवासी 31 वर्षीय रणजीत कौर के रूप में हुई, जो पैदल खेतों की तरफ आ रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ।

### दूसरे की जगह परीक्षा देने पर नाबालिग काबू

**फतेहाबाद।** बोर्ड परीक्षा में दूसरे की जगह परीक्षा देने के तीन साल पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग छात्र को काबू कर उसके वारसान के सामने जांच में शामिल किया गया। नाबालिग की आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत ऑब्जर्वेशन होम भेजा गया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि यह मामला 12 अप्रैल 2022 का है।

### सीईओ जिप ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**टोहाना।** गांव डांगरा के ग्राम सचिवालय में मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने गांव में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और मौके पर मौजूद मेटो से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी। सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार ने पंचायत सचिव एवं मनरेगा मेटों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों को पूरी निष्ठा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता के साथ करें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सके।

### शिवरात्रि पर लगाया जाएगा विशाल भंडारा

**फतेहाबाद।** श्री गणेश सेवा संघ फतेहाबाद द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर 34वां विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा 20 जुलाई रविवार से 23 जुलाई बुधवार शिवरात्रि तक हरिद्वार-ऋषिकेश मार्ग स्थित श्यामपुर चौकी के पास तुलसी बिहार में लगाया जाएगा। भंडारे में विशेष रूप से कांवड़ यात्रियों के लिए 24 घंटे देसी घी से निर्मित भोजन की व्यवस्था की गई है।

### तार चोरी करने का आरोपी रंगे हाथों काबू

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से तार चोरी करने वाले आरोपी को रंगे हाथों काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान जानु उर्फ गोल्डी पुत्र सुरजीत निवासी मेला ग्राउंड, सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस चौकी कीर्ति नगर में दी शिकायत में सतपाल पुत्र दर्शन राम निवासी नेजाडेला कलां ने बताया कि वह अपनी टायर रिपेयर की दुकान पर काम कर रहा था, उसी दौरान एक युवक ट्रक के केबिन से तार चुराते हुए मौका पर पकड़ा गया।

### कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 29 तक करें आवेदन

**सिरसा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढां में सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रिंसिपल ललित कालड़ा ने बताया कि जो छात्र- छात्रा वर्तमान में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हैं तथा सिरसा जिले के मूल निवासी हैं वे 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदक छात्र-छात्रा की आयु 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य हो तथा जिले में ही किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हों।

### धान की फसल के लिए हल्की बारिश वरदान : कृषि विशेषज्ञ

# बूंदाबांदी से 6 डिग्री गिरा तापमान, ठंडी हवाएं चलने से लोगों के खिले चेहरे

### पिछले दो दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पिछले दो दिनों से फतेहाबाद में रूक-रूक हो रही बरसात से मंगलवार को मौसम में ठंडक आ गई। तेज हवाएं चलने से लोगों ने गर्मी व उमस से राहत की सांस ली। बीती रात हवाएं चलने से तापमान में 6 डिग्री गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को एक अरसे बाद राहत मिली। मंगलवार को दिन में तेज बारिश के बाद फिर लोगों के चेहरे खिल गए। यह बारिश धान उत्पादक किसानों के लिए वरदान मानी जा रही है। मंगलवार को यहां का अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जोकि पिछले दो दिनों से 6 डिग्री सेल्सियस तक कम है। पिछले कई दिनों से बारिश न होने से यहां के लोग बारिश को तरस गए थे। हालांकि फतेहाबाद जिले के अन्य क्षेत्रों टोहाना, कुलां, जाखल व गांवों में बारिश लगातार हो रही है लेकिन फतेहाबाद में मंगलवार को तीसरी बारिश हुई है। मंगलवार को यहां 25 एमएम बारिश दर्ज की गई। एचएयू हिसार मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ ने फतेहाबाद जिले में अल्प अवधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार लगातार 3 घंटे बरसात की संभावना जता रहे हैं। पिछले दो दिनों से मौसम विभाग ने 10 अलग-अलग मैसेज डालकर बारिश की संभावना जताई थी लेकिन उनमें 3 बार ही बारिश हुई। मौसम विभाग का मानना है कि मानसूनी हवाएं धीमी पड़ने से मानसून कमजोर पड़ जाता है और अपनी दिशा बदल जाता है। फतेहाबाद के कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग के अनुसार धीमी बारिश के कारण किसानों को दोहरा फायदा है। यह बारिश जमीन के भीतर तक असर दिखाती है जिससे फसल के उत्पादन में बढ़ोतरी होने की संभावना है। धीमी फुंहारे व बूंदाबांदी फसलों पर अमृत का कार्य कर रही है। खासकर धान की फसल के लिए यह बारिश संजीवनी बूटी साबित हो रही है। बता दें कि 26 जून को यहां 69 एमएम, 12 जुलाई को 32 एमएम, 14 को 11 एमएम और 15 जुलाई को 25 एमएम बरसात दर्ज की गई है। हालांकि यह जिले की अलग-अलग तहसीलों का आंकड़ा है। जिले के फतेहाबाद, रतिया, जाखल, भूना, भट्टू, टोहाना खंड में तहसील कार्यालयों पर रेन गेज लगे हुए हैं जहां से प्रतिदिन राजस्व विभाग रेन गेज की पैमाइश कर रिकार्ड में दर्ज करता है। हालांकि यह जरूरी नहीं कि तहसील कार्यालय में बारिश हो और उसके आस-पास या सम्बंधित शहर में बारिश न हो।



फतेहाबाद। बारिश में ढोल बजाकर मस्ती करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### 19 जुलाई तक तेज बारिश की संभावना

एचएयू हिसार मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ ने 19 जुलाई तक मानसूनी हवायें तेज होने की संभावना जताई है। इस कारण बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवाएं आने से यहां बारिश जोर पकड़ेगी और फतेहाबाद, हिसार, सिरसा, भिवानी इत्यादि जिलों में तेज बारिश हो सकती है। उधर, घग्गर में जलस्तर कम हो रहा है। सोमवार शाम को 4 बजे चांदपुरा में घग्गर का जलस्तर 2750 क्यूसिक दर्ज किया गया जबकि गुहला चीका में रिकार्ड कमी आई है। गुहला चीका में इस समय 1540 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज हुआ।

#### सिरसा : पानी निकासी के उचित प्रबंधन नहीं होने के चलते शहर में जलभराव

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। सिरसा में दूसरे दिन भी झमाझम बरसात हुई। दिनभर रूक-रूक कर हुई बरसात से जहां शहर की सडक़ें लबालब हो गई वहीं बिजली व्यवस्था भी चमराई गई। कई क्षेत्रों बिजली गुल रही। सडक़ों पर पानी जमा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी है। आपको बता दें कि बीते दिवस हुई बरसात का पानी अभी बाजारों में ही खड़ा था कि आज फिर बरसात से हालात और भी दयनीय हो गए। बरसाती पानी के निकासी न होने के चलते दुकानदारों को खासी परेशानी हुई। शहर के प्रमुख स्थान बारिश के पानी में डूब गए। गलियों, बाजारों व कॉलोनियों में जलभराव, गड्डों में फंसे वाहनों का नजारा देखने को मिला। छोटी छोटी कॉलोनियों में बरसात के कारण हुए जलभराव के कारण लोगों के लिए बाहर निकलना टेढ़ी खीर बना रहा। मॉनसून की बरसात से जनता भवन रोड, सर्कुलर रोड, शिव चौक, जगदेव सिंह चौक, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, हिसार रोड, गोल डिग्गी चौक के आसपास की दुकानों में पानी भर गया। शहर के गोल डिग्गी चौक, हिसारिया बाजार, हिसार रोड, पटेल बस्ती सहित अनेक स्थानों पर पानी भर गया। बरसात से हुए जलभराव के कारण कई दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने को मजबूर होना पड़ा जिससे दुकानदारों को नुकसान हुआ। दुकानदारों ने सडक़ का गलत लेवल को भी पानी भरने का एक कारण बताया। दुकानदानों का आरोप है कि अधिकारियों ने स्थायी समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।



जिला उपायुक्त मनदीप कौर।



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

## फतेहाबाद जिले के स्थापना दिवस पर डीसी-एसपी ने दी शुभकामनाएं

- फतेहाबाद को स्थापित हुए 28 वर्ष हुए पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद की स्थापना 15 जुलाई 1997 को हुई थी और इस वर्ष जिले को स्थापित हुए 28 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस गौरवपूर्ण अवसर पर जिला उपायुक्त मनदीप कौर और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने समस्त जिलेवासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि जिला फतेहाबाद 15 जुलाई, 1997 को अस्तित्व में आया था और तब से लेकर अब तक इसने निरंतर प्रगति की है। इन वर्षों में जिला ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि जिला फतेहाबाद ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उपायुक्त ने कहा कि यह प्रगति प्रशासन और आमजन के परस्पर सहयोग और प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे इसी भावना के साथ एकजुट होकर जिले की उन्नति और खुशहाली के लिए योगदान देते रहें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से फतेहाबाद आने वाले वर्षों में और भी ऊंचाइयों को छुएगा।

#### *फतेहाबाद पुलिस जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर : एसपी*

*अपने संदेश में एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि फतेहाबाद जिला न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है, बल्कि यह सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक सौहार्द, परंपराओं और निरंतर प्रगति का प्रतीक भी है। यहां के नागरिकों ने सदैव कानून व्यवस्था, शांति एवं विकास को बनाए रखने में सक्रिय सहयोग किया है, जो अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि जिले की उन्नति और स्थायित्व में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। फतेहाबाद पुलिस जनता की सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। एसपी ने आमजन से अपील की कि वे कानून का सम्मान करें, सामाजिक उत्तरदायित्व निभाएं और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।*

## मादक पदार्थों की खेप की नष्ट

- हिसार इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जैविक कचरा उन्मूलन यूनिट में पर्यावरण अनुकूल तरीके से किया गया निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव की देखरेख में मंगलवार को फतेहाबाद पुलिस द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थों की खेप को हिसार के सेक्टर 27-28 स्थित हुडा इंडस्ट्रियल एरिया में सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में नष्ट किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद सिद्धांत जैन, पुलिस अधीक्षक हिसार शशांक कुमार सावन, पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन, उप पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद कुलवंत सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि यह निस्तारण कार्यवाही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई। फतेहाबाद जिले में विभिन्न मामलों में जब्त किए गए नशीले पदार्थों को नियमानुसार जैविक कचरा निस्तारण प्रणाली के अंतर्गत नष्ट किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 10 किलो 964 ग्राम 910 मिलीग्राम अफीम, 1176 किलो 357 ग्राम चूरा पोस्त, 189 किलो 723 ग्राम गांजा, 8 ग्राम 18 मिलीग्राम सुल्फा, 855 ग्राम 742 मिलीग्राम हेरोइन, चूरा पोस्त के 19 हरे पौधे, प्रतिबंधित नशीली दवाओं में 31,428 टैबलेट्स, 111 बोतलें, 460 कैप्सूल शामिल हैं।



फतेहाबाद। हिसार में मादक पदार्थों को नष्ट करने के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी।

## लाखों की चूरापोस्त के साथ तस्कर गिरफ्तार

- राजस्थान से पंजाब सप्लाई करना था चूरापोस्त, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

डबवाली पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए चूरापोस्त की बड़ी खेप पकड़ी है। पकड़ी गई चूरापोस्त की कीमत करीब 19 लाख रुपये की बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक नशा तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया है। डबवाली के उप पुलिस अधीक्षक कपिल अहलावत ने मंगलवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राजस्थान से एक ट्रक अबोहर पंजाब की तरफ जा रहा है, जिसमें बड़ी मात्रा में चूरापोस्त की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव सकताखेड़ा भारतमाला रोड पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर में एक ट्रक गांव अबूबशहर की तरफ से आता दिखाई दिया जो कि तिरपाल से ढका हुआ था। पुलिस ने शक के आधार पर ट्रक को रोक लिया और तलाशी ली तो नमक के कट्टों के नीचे चूरापोस्त के चार कट्टे छिपाकर रखे थे। पुलिस ने ट्रक चालक ओमप्रकाश निवासी जोधपुर राजस्थान को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए 70 किलोग्राम चूरापोस्त की कीमत करीब 19 लाख रुपये आंकी गई है।





सिरसा। पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी कपिल अहलावत। फोटो : हरिभूमि

#### मामला दर्ज

आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह यह चूरापोस्त राजस्थान से खरीद कर लाया है और पंजाब में महंगे दामों में सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस ने ट्रक को भी अपने कब्जे में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ डबवाली थाना में अभियोग दर्ज किया गया है। डीएसपी ने बताया कि तस्कर को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और पूछताछ कर चूरपोस्त तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी कपिल अहलावत ने कहा कि पुलिस लगातार नशा तस्करों पर शिकंजा कस रही है और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि नशा तस्करों की सूचना बेझिझक होकर पुलिस को दे ताकि तस्करों को उनकी असली जगह जेल भेजा जा सके।



सिरसा। पकड़े गए साइबर अपराध गिरोह के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## मोबाइल चोरी कर अकाउंट खाली करने वाले गिरोह का फर्दाफाश

- डाक्टर फोन ऐप की सहायता से तोड़ते थे फोन का लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने शातिर साइबर अपराधी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोगों को निशाना बनाकर मोबाइल चोरी करते थे और फिर पेमेंट ऐप्स से बड़ी ठगी को अंजाम देते थे। डीएसपी अर्शदीप सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि आरोपी हिसार जिला के रहने वाले हैं और पूछताछ में उन्होंने कई खुलासे किए हैं। डीएसपी अशदीप सिंह ने बताया कि जिला के गांव चकां निवासी संतलाल पुत्र उमराव सिंह ने रानियां पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि वह सिरसा के नेहरू पार्क में 15 मई 2025 को निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आया था, जहां उसका मोबाइल चोरी हो गया। अगले दिन उसके खाते से 40 हजार, 20 हजार व 15 हजार रुपये की तीन ट्रांजेक्शन कुल 61500 रुपये कट चुके थे। शिकायत पर साइबर थाना सिरसा में अभियोग दर्ज करके जांच शुरू की गई। तकनीकी जांच व मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी संजीत पुत्र धर्मवीर, धर्मबीर पुत्र दल सिंह, ईश्वर पुत्र भीमा व दिलबाग पुत्र रणधीर निवासी जिला हिसार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में मुख्य आरोपी संजीत ने खुलासा किया कि डाक्टर फोन ऐप की सहायता से चोरीशुदा मोबाइल का लॉक तोड़ता और उसमें सेव पेमेंट ऐप्स के पासवर्ड निकाल कर ठगी करता था।

## फतेहाबाद में इलाज के नाम पर लाखों रुपये ठगने के आरोप में नाड़ी वैद्य को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फर्जी डॉक्टर बनकर महिला के इलाज के नाम पर लाखों रुपये ऐंठने के मामले में शहर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक नाड़ी वैद्य को काबू कर जांच में शामिल कर लिया है। आरोपी की पहचान कुलदीप उर्फ दीपक पुत्र रामअवतार निवासी निकट रवि अस्पताल, डीएसपी रोड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया है। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्रा ने बताया कि यह मामला 20 मई को सुरेंद्र कुमार निवासी गांव धांगड़ की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि कुलदीप उर्फ दीपक, उसकी पत्नी शिवानी, वंदना शर्मा पत्नी रविंद्र शर्मा, आशा शर्मा पत्नी सुभाष शर्मा और कुलदीप के दो भांजे मिलकर फर्जी डॉक्टरी प्रमाणपत्र तैयार कर इलाज के नाम पर पैसे वसूलते हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसकी पत्नी संतोष कुमारी कमर की नसों की बीमारी से पीड़ित है। अक्टूबर 2023 में वह अपनी पत्नी को कुलदीप के क्लिनिक ले गया, जहां कुलदीप ने स्वयं को नसों की बीमारी का विशेषज्ञ बताया और दावा किया कि वह विदेश से औषधियां मंगवाकर विशेष दवाइयां तैयार करता है। कुलदीप ने इलाज की 100 प्रतिशत गारंटी देते हुए 6 महीने में पूर्ण ठीक होने का वादा किया और 2 लाख 85 हजार का पैकेज बताया। शिकायतकर्ता के अनुसार, कुलदीप और उसकी पत्नी ने उन्हें विश्वास में लेकर यह पूरी राशि वसूल ली, लेकिन इलाज के बावजूद जब उसकी पत्नी को कोई आराम नहीं मिला तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। इस पर आरोपियों ने उसे जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को काबू किया है।

### प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में आज बंद रहेंगे निजी स्कूल

**रतिया।** हिसार जिले के गांव बादशाहपुर में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल जसवीर सिंह की निर्मम हत्या के विरोध में सभी निजी स्कूल संघों ने 16 जुलाई बुधवार को स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। यह कदम पीड़ित परिवार का समर्थन करने, दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग करने और सरकार से स्कूल सुरक्षा अधिनियम लागू करने का आग्रह करने के लिए है। निजी स्कूल संघों का मानना है कि यह कदम स्कूलों में सुरक्षा और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल संघ के जिला अध्यक्ष रोमी गोस्वामी ने बताया कि यह निर्णय सभी निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूल बंद रखने का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच सुरक्षा और अनुशासन को बढ़ावा देना है।

### 18914 अभ्यर्थी होंगे शामिल, तैयारियों को लेकर डीसी ने ली बैठक

# सीईटी परीक्षा को लेकर जिले में बनाए 71 सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आगामी 26 और 27 जुलाई को कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी) आयोजित की जाएगी। जिले में फतेहाबाद, रतिया, भुना और भट्टूकलां में कुल 60 स्थानों पर 71 परीक्षा केंद्र बनाए जा रहे हैं, जिन पर 18914 अभ्यर्थी परीक्षा देने आएंगे। परीक्षा की तैयारियों को लेकर उपायुक्त मनदीप कौर ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण परीक्षा है, जिसमें हजारों अभ्यर्थी भाग लेंगे, अतः सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, बिजली, पानी, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



फतेहाबाद। कॉमन पात्रता परीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेती उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

#### परीक्षा केंद्रों तक बसों की व्यवस्था के निर्देश

उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त ड्यूटी स्टाफ को समय रहते ट्रेनिंग दी जाए तथा परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जाए। उन्होंने केंद्र अधीक्षकों, फ्लाइंग स्क्वायड, जिला नोडल अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा ताकि किसी प्रकार की चूक न हो। बैठक में बताया गया कि जिले में फतेहाबाद, रतिया, भुना और भट्टू कलां में कुल 60 स्थानों पर 71 परीक्षा केंद्र बनाए जा रहे हैं, जिन पर 18914 अभ्यर्थी परीक्षा देने आएंगे। उपायुक्त ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि परीक्षा के दोनों दिन अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए बसों की व्यवस्था की जाए। साथ ही, पुलिस विभाग को ट्रैफिक व्यवस्था, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित संख्या में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए।



## रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

**लाइफ Style**



# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'

**हॉलीवुड मसाला**



## स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।





## हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



## ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति


**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



## कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉड्र्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

**टीवी मसाला**



## जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी जिंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।




## ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।





**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

## नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन





अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

### पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

## ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी

धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### कुसुमलता गोयल पुनः बनी शाखा प्रधान

**सिरसा।** तेरापंथ महिला मंडल सिरसा शाखा के द्विवार्षिक चुनाव हुए। चुनाव से पूर्व तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्षा कुसुमलता गोयल ने वर्ष 2023-2025 दो वर्षों में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारी एवं सभी महिलाओं के अनुरोध पर कुसुमलता गोयल को तेरापंथ महिला मंडल की सिरसा शाखा का पुनः वर्ष 2025-2027 के लिए अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**सिरसा।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई है। यह देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों पर राष्ट्रपति द्वारा हर साल प्रदान किया जाने वाला एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है।

### संतलाल पूनिया बने दी माधोसिंघाना पैक्स के प्रधान

**सिरसा।** दी माधोसिंघाना पैक्स की प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा प्रधान व उपप्रधान पद के लिए सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सिरसा संजीव शर्मा द्वारा मनोनीत चुनाव अधिकारी निरीक्षक सुभाष चंद्र को नियुक्त किया गया। बैठक में प्रबंधक कमेटी सदस्य संतलाल पूनिया, रणधीर बैनीवाल, दलबीर भांभू, सतवीर सैनी, राजेंद्र दहिया, कुलदीप शर्मा, सुनीता देवी पत्नी कृष्ण लाल भांभू, मीरां देवी पत्नी कुलदीप जांदू उपस्थित हुए।

### स्नातक में दाखिले की अंतिम तिथि 24 : प्राचार्य

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हरजिंद्र सिंह ने बताया कि विभिन्न विषयों में स्नातक करने के इच्छुक विद्यार्थियों को प्रतिदिन फिजीकल काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश के लिए अवसर प्रदान किया जा रहा है। एडमिशन कमेटी के संयोजक डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि फिजक़लि काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 24 जुलाई हैं।

### किसान 21 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**भूना।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन ने 21 जुलाई को उपमंडल बिजली निगम अधिकारी कार्यालय भूना के बाहर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। मंगलवार को संगठन की मीटिंग में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मंडा ने कहा कि किसानों को बिजली की समस्याओं को लेकर कई महीनों से भटकना पड़ रहा है। बिजली निगम के अधिकारी और कर्मचारी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं।

### कौशल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोडिया खेड़ा में विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

### सोनू गोरीवाला सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त

**सिरसा।** सोनू गोरीवाला को सर्वसम्मति से सोनी धर्मशाला सिरसा का नया प्रधान नियुक्त किया गया। हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के बाद उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को एक भावनात्मक और प्रेरणादायक स्वरूप दिया। चुनाव कमेटी के चेयरमैन यतिंद्र सिंह एडवोकेट के मार्गदर्शन में कमेटी सदस्य लीलाधर सोनी, सज्जन सोनी, राधेश्याम सोनी, रमेश काका, कस्तूर इंसां, महेंद्र ने चुनाव संपन्न करवाए।

### दुकान पर उपद्रव एवं तोड़फोड़ की घटना निंदनीय : एसपी

# फतेहाबाद के युवकों ने हरिद्वार में चश्मे की दुकान में की तोड़फोड़

- हरिद्वार पुलिस ने युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस किया दर्ज
- धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने भी कड़े शब्दों में की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरिद्वार में कांवड़ मेले के दौरान शिव विश्रामगृह के बाहर मामूली कहासुनी के बाद एक चश्मे की दुकान में तोड़फोड़ करने के मामले में गिरफ्तार दोनों युवक फतेहाबाद शहर के रहने वाले हैं। युवकों की पहचान शहर की कबीर बस्ती निवासी मुकेश उर्फ काणा और मुकेश उर्फ झंडू के रूप में हुई है। दोनों युवकों के खिलाफ हरिद्वार पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हरिद्वार में हुई इस घटना की शहर की धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने भी कड़े शब्दों में निंदा की है वहीं फतेहाबाद के एसपी सिद्धांत जैन ने भी इस घटना को निंदनीय बताया है और कांवड़ लेने जाने वाले युवाओं को इस घटना से सबक लेने की अपील की है।

मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद शहर की कबीर बस्ती से 8-10 युवाओं का जत्था गत दिवस ही फतेहाबाद से हरिद्वार कांवड़ लाने के लिए रवाना हुआ था। इनमें से दो युवक मुकेश उर्फ काणा और मुकेश उर्फ झंडू दोनों हरिद्वार में हर की पौड़ी के अपर रोड पर शिव विश्राम गृह के पास चश्मे की दुकान में चले गए। यहां चश्मे देखने लगे। इसी दौरान उनकी दुकानदार से कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों युवकों ने लाठी-डंडों से दुकान में जमकर तोडफ़ोड़ कर डाली। इस तोडफ़ोड़ का किसी ने वीडियो भी बना लिया जोकि सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ। यह वीडियो हरिद्वार पुलिस के पास पहुंचा और पुलिस ने तुरंत इस मामले में संज्ञान लेते हुए वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान की और दोनों को कुछ ही घंटों में काबू कर लिया। इन युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126, 135 और 170 के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



**फतेहाबाद।** हरिद्वार पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए फतेहाबाद के दोनों युवक। फोटो : हरिभूमि

### फतेहाबाद पुलिस ने कांवड़ यात्रा को लेकर जारी किए निर्देश

हरिद्वार में हुई घटना के बाद फतेहाबाद पुलिस ने कांवड़ यात्रा को लेकर एक बार फिर से दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस श्रद्धालुओं, आयोजकों और आमजन से सौहार्दपूर्ण अपील करते हुए यह स्पष्ट करना चाहती है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अव्यवस्था या कानून का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फतेहाबाद से कांवड़ लेने हरिद्वार गए युवाओं की दो घटनाएं अब तक सामने आ चुकी हैं। 13 जुलाई को टोहाना उपमंडल के गांव हसेवाला के कुछ श्रद्धालु नियमों की अवहेलना करते हुए कांवड़ यात्रा पर निकले थे। दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के चलते उनकी गाड़ी को सहारनपुर पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया वहीं 12 जुलाई को हरिद्वार में फतेहाबाद के दो युवकों द्वारा एक चश्मे की दुकान में उपद्रव कर तोडफ़ोड़ की गई, जो अत्यंत निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। यह कृत्य कांवड़ यात्रा की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। हरिद्वार पुलिस द्वारा दोनों युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने सभी कांवड़ यात्रियों एवं उनके परिजनों को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनका पालन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु संयम, अनुशासन और मर्यादा बनाए रखें तथा कांवड़ यात्रा को एक आध्यात्मिक अनुभव के रूप में संपन्न करें, इसे उन्माद या प्रदर्शन का माध्यम न बनाएं। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। हरिद्वार की घटना इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

### अहरवां प्राथमिक विद्यालय में मनाया जिले का स्थापना दिवस, किया पौधरोपण



**फतेहाबाद।** गांव अहरवां स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में आज जिला फतेहाबाद के 28 वां स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम स मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक देवेन्द्र दहिया ने बच्चों को बताया कि सन 1997 में जब हरियाणा विकास पार्टी की सरकार थी, तब फतेहाबाद के तत्कालीन विधायक सरदार हरमिंद्र सिंह का निधन होने के बाद जिला फतेहाबाद बनाया गया था। उससे पहले यह जिला हिसार का एक खंड था। स. हरमिंद्र सिंह गांव अहरवां के ही रहने वाले थे, उनकी याद और स्थापना दिवस की खुशी में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का अलग-अलग कक्षाओं में आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकला, कविता पाठ, स्कूल प्रांगण की साफ सफाई और 28 पौधों का पौधारोपण कर बच्चों को पौधा वितरण भी किया गया।

## सीडीएलयू की स्नातक पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट सूची जारी

- बीएससी फिजिक्स में अधिकतम मेरिट 96 प्रतिशत रही

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के स्नातक सत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के विभिन्न पाठ्यक्रमों के बीएससी फिजिक्स में अधिकतम मेरिट 96 प्रतिशत रही व न्यूनतम 61.5 प्रतिशत रही। इसी प्रकार बीएससी मेथेमेटिक्स प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 100 प्रतिशत रही व न्यूनतम 65 प्रतिशत रही। इसी प्रकार बीएससी फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 96 प्रतिशत रही व न्यूनतम 71 प्रतिशत रही। इसी प्रकार बीएससी फैशन डिजाइन एंड लाइफ स्टाइल टेक्नोलॉजी प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 99 प्रतिशत रही व न्यूनतम 74.8 प्रतिशत रही। बीएससी डाटा साईस में अधिकतम मेरिट 95.8 प्रतिशत रही व न्यूनतम 71.2 प्रतिशत रही। इसी प्रकार बी ए इकोनॉमिक्स एण्ड फाइनेंस प्रोग्राम में अधिकतम मेरिट 102.6 प्रतिशत रही व न्यूनतम 76 प्रतिशत रही। बीए पंत्रकारिता एवं जनंसचार पाठयक्रम में अधिकतम मेरिट 86.6 प्रतिशत रही व न्यूनतम 60.2 प्रतिशत रही।

## बेसिक प्राथमिक सहायता का दिया प्रशिक्षण

- 'रोड रूल्स लाईफ टूल्ज' के तहत विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रेडक्रॉस सोसायटी की शाखा सैंट जॉन एम्बुलेंस द्वारा जिला के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेसिक प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर ने बताया कि 'रोड रूल्स लाईफ टूल्ज' के तहत विद्यालयों में 8 से 14 जुलाई तक पोस्टर मेकिंग, नारे लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा यातायात नियमों, प्राथमिक सहायता व सी.पी.आर. के प्रति संबंधित विभागों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि संस्था के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी व अन्य प्राथमिक सहायता प्रवक्ताओं द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर, चतरगढ़ पट्टी, कीर्तिनगर, महाबीर दल स्कूल सिरसा, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जयश्री हाई स्कूल, श्रीराम न्यू सतलुज सीनियर सेकंडरी स्कूल, गुरुनानक हाई स्कूल, महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकंडरी स्कूल, जी.आर.जी.सीनियर सेकंडरी स्कूल, सावन पब्लिक स्कूल, सिरसा स्कूल सिरसा, राजकीय वरिष्ठ सिकंदरपुर, वैदवाला, नेजाडेला कलां, शाहपुर बेगू व फ्रेंड्स स्कूल सिकन्दरपुर में छात्र-छात्राओं को रक्तस्राव को रोकने की विधियां इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



**सिरसा।** छात्र-छात्राओं को बेसिक प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए।

### स्कूल में लगाए औषधीय और छायादार पौधे

**भूना।** फतेहाबाद जिले के 28वें स्थापना दिवस पर लायंस क्लब भूना रॉयल ने मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट मुकेश भूटानी ने अध्यक्षता की। स्कूल के प्राचार्य नरेश शर्मा मुख्य अतिथि रहे। संचालन क्लब सचिव डॉ. जितेंद्र तूर ने किया। संपूर्ण व्यवस्था क्लब डायरेक्टर दलबीर सिंह ने संभाली। विद्यालय परिसर में छायादार, औषधीय और पर्यावरणीय महत्व के पौधे लगाए गए। अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और क्लब सदस्यों ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली।

## डिजिटल सुरक्षा, महिला अधिकार व ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम के बारे दी जानकारी

- राजकीय स्कूल, अयालकी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिलेभर में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत आज राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अयालकी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी विषयों पर जागरूक और सजग बनाना था। इस कार्यक्रम का संचालन महिला सुरक्षा टीम प्रभारी, निरीक्षक मंजू सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डिजिटल युग की बढ़ती चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में इंटरनेट जितना लाभदायक है, उतना ही खतरनाक भी हो सकता है, यदि हम सतर्क न रहें। इसलिए हर नागरिक को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करना सीखना चाहिए। निरीक्षक मंजू सिंह ने साइबर क्राइम जैसे फिशिंग वेबसाइट, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, व ऑनलाइन ठगी के बारे में विस्तार से बताया।



**फतेहाबाद।** छात्रों को जागरूक करते महिला पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय महिला कॉलेज में हुई छात्राओं की फिजिकल काउंसलिंग

- स्नातक के विभिन्न कोर्सज में दाखिला प्रक्रिया जारी

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से स्नातक के विभिन्न कोर्सज में दाखिला प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. मोनिका गिल ने बताया कि राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में मंगलवार को छठी फिजिकल काउंसलिंग की गई जिसमें बीए, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बीएससी (लाइफ साइंस) और बीएससी (फिजिकल साइंस) स्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए छात्राओं ने अपने विषयों का चयन कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद महाविद्यालय में प्रवेश पाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लेकर महाविद्यालय में दी जा रही विभिन्न सुविधायों का लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न संकायों में दी गई सीटें लगातार भर रही हैं।



**सिरसा।** छात्राओं की फिजिकल काउंसलिंग में दस्तावेजों की जांच करते हुए।

## स्थापना दिवस पर बांटे लड्डू, रोपे पौधे

- बीजेपी नेताओं ने स्लम बस्ती में मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में भूना रोड पर स्लम बस्ती में लड्डू वितरित किए तथा पौधा रोपण भी किया। प्रवीण जोड़ा ने जिलावासियों को फतेहाबाद जिले के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फतेहाबाद जिले पूरे हरियाणा का गौरव है। शान्तिप्रिय और भाईचारे का प्रतीक फतेहाबाद जिले के प्रगतिशील हरियाणा में अहम भूमिका निभाई है। हरियाणा के इतिहास में हमारा जिला फतेहाबाद महत्वपूर्ण स्थान रखता है। फतेहाबाद जिले की टोहाना विधानसभा नहरों की नगरी के नाम से पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। फतेहाबाद जिले ने हरियाणा की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए दिग्गज नेताओं व मंत्रियों को जन सेवा में समर्पित किया है। फतेहाबाद जिले का इतिहास गरिमापूर्ण रहा है। यहां का हर एक नागरिक जिंदादिली का मिसाल है। इस अवसर पर बीजेपी नेता विकास ललोदा, जगदीश शर्मा, सविता टुटेजा, कंवल चौधरी, शम्मी ढींगड़ा, राधेश्याम झांझड़ा, विकास शर्मा, नवीश सचदेवा, जगदीश नायक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** जिले के स्थापना दिवस पर स्लम बस्ती में लड्डू बांटते भाजपा नेता।

## ग्रामीणों को किया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के प्रति जागरूक

- पंचायत भवन फरमाई कलां में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग सिरसा द्वारा कन्या अनुपात में सुधार के लिए जागरुकता अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन फरमाई कलां में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढाओं के संदेश के साथ कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराई को समाज से पूर्णतया खत्म करके अनुपात में सुधार करके बेटियों को जीने का अधिकार देने के लिए प्रेरित किया गया। सुपरवाईजर ज्योति ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जागरुकता फैलाना है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कम लिंगानुपात वाले गांवो में बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत जागरूकता के लिए एक मोबाइल वैन चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम में गांव की परमेश्वरी, किरण बाला, कमला सहित आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर व ग्रामीण उपस्थित रहे।



**सिरसा।** ग्रामीणों को जागरूक करती महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम।

### तंजानिया में व्यापार के बड़े विकल्पः आहूजा

**सिरसा।** सात दिवसीय तंजानिया अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में पहुंचे हुए भारतीयों ने पोरट का दौरा किया तथा वहां की गतिविधियां जानी। इसके बाद कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कर वहां के वैज्ञानिकों से यह जानकारी हासिल की। तंजानिया के अंदर कौन सी फसल किस समय बोई जाती है, कौन से फल का सबसे ज्यादा लाभ हमें मिल सकता है, के बारे में पूर्ण जानकारी ली गई। कृषि तंजानिया की अर्थव्यवस्था का मुख्य हिस्सा है। उद्योगपति अजय आहूजा और निफा हरियाणा युवा प्रधान अनिल ढिढारिया ने कहा कि 2016 तक, तंजानिया में 44 मिलियन हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य भूमि थी, जिसमें से केवल 33 प्रतिशत पर ही खेती की जाती थी। लगभग 70 प्रतिशत अमीर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और उनमें से लगभग सभी कृषि क्षेत्र में शामिल हैं।


**बैठक** भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों की बैठक

पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया व निष्ठा से कार्य करने का दिलाया विश्वास

# कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत तीसरी बार बनी भाजपा सरकार : प्रवीण जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों की बैठक भूना रोड स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कही। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश सचिव एवं प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, पूर्व विधायक दुडाराम, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, चेयरमैन रविंद्र सिंह बलियाला, पूर्व जिलाध्यक्ष स. बलदेव ग्रोहा, प्रदेश संयोजक राजपाल बेनीवाल ने शिरकत की। सबसे पहले नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर उन्हें बधाई दी गई। पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट करते हुए विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वह उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाह करेंगे। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को जन तक तक पहुंचाएं। जनता को भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बतायें। लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने में अपना योगदान दें।



**फतेहाबाद।** भाजपा के जिला पदाधिकारियों का स्वागत करते नेता।

### संगठन मजबूत बनाएं रखने का आह्वान

जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के बदौलत ही केन्द्र व हरियाणा प्रदेश में लगातार तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनी है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने भी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों से आह्वान किया कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाए रखें। जनता से सीधा सम्पर्क बनाएं तथा भाजपा परिवार से जोड़ें। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूप रेखा बनाई गई तथा पीछे किए गए कामों की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, सविता टुटेजा, सुमन खिचड़, इन्द्र गावड़ी, भीम लाम्बा व संजय रेवड़ी, महामंत्री अशोक जाखड़ व विकास ललौदा, सचिव संकेत गर्ग, पूनम सिंगला, मंजू बाजीगर, राखी वाल्मीकि, लख्मी शर्मा व निर्मल सिंह, कोषाध्यक्ष रामकमार मेहरा, कार्यालय सचिव शम्मी ढींगड़ा, प्रवक्ता अनूप भारद्वाज, आईटी प्रमुख सुभाष साहु, सोशल मीडिया इंचार्ज राममेहर धारसूल, जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी व मन की बात कार्यक्रम प्रमुख विक्रम शर्मा, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, सीताराम पूनिया, डा. मनदीप योगी, जसवंत माचरा, अंकित सिंगला, लखविन्द्र सिंह, संदीप तनेजा, संदीप कुमार भोडिया, रमन मडिया, प्रवीण गिल, किरण शर्मा व विनोद खिचड़ मौजूद रहे।

### मानस पोर्टल पर दें नशा तस्करों की सूचना

**सिरसा।** केंद्र सरकार द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल मानस, हेल्पलाइन नंबर 1933 की शुरुआत की गई है। इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, मादक पदार्थों से संबंधित अपराध की रिपोर्ट करना और पुनर्वास-परामर्श के संबंध में सहायता प्राप्त करने के लिए मंच मुहैया कराना है। यह पोर्टल आमजन को मादक पदार्थों से संबंधित अवैध गतिविधियों के प्रभाव को रोकने के व्यापक कोशिश में सामूहिक रूप से योगदान देता है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि मानस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य जन-जागरूकता को बढ़ावा देना, मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करना तथा पुनर्वास और परामर्श के लिए सहायता उपलब्ध कराना है। पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक जानकारी को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी समीक्षा करते हैं।

**खबर संक्षेप**

## बिना पंजीकरण प्ले स्कूलों पर होगी सख्ती

**फतेहाबाद।** जिला में बिना पंजीकरण के चल रहे सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों को बंद किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने अंतिम चेतावनी जारी कर दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी ने बताया कि सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों का सरल पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। पंजीकरण प्रक्रिया में वहीं स्कूल पात्र माने जाएंगे जो विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा करेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें जल्द जिलेभर में निरीक्षण अभियान शुरू करेंगी। बिना पंजीकरण पाए गए प्ले स्कूलों को तुरंत बंद कर दिया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्ले स्कूल किसी रिहायशी बिल्डिंग में नही चलाया जा सकता, हर 20 बच्चों पर एक अध्यापक की नियुक्ति अनिवार्य होगी, बच्चों के लिए स्वच्छ और अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था होना जरूरी है।

## समिति के पुनर्गठन पर हजरस ने जताई आपत्ति

**सिरसा।** हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा 7 मई 2025 को जारी पत्र के माध्यम से स्कूल प्रबंधन समितियों (एसएमसी) के पुनर्गठन के निर्देशों पर राज्यभर के शिक्षकों में असंतोष की लहर है। इस संबंध में हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ (हजरस) ने गहरी आपत्ति दर्ज करते हुए इस निर्णय को एकतरफा, अव्यवहारिक और प्राथमिक विद्यालयों की कार्यप्रणाली को प्रतिकूल बताया है। हजरस के जिलाध्यक्ष सुरेश रंगा ने बताया कि यह आदेश न केवल शिक्षकों पर अनावश्यक प्रशासनिक बोझ बढ़ाता है, बल्कि इससे विद्यालयों की मौलिक स्वायत्तता और फंड प्रबंधन भी प्रभावित होगा। संघ के राज्य प्रधान डॉ. दिनेश ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी उक्त पत्र में एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक एवं उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए एक ही एसएमसी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुरेन्द्र आर्य ने जताया सीएम का आभार

**फतेहाबाद।** भिवानी में आयोजित हुए राज्य स्तरीय गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रजापति समाज के लिए की गई घोषणाओं का भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री एवं फतेहाबाद जिले के प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने स्वागत किया है। सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर के प्रजापति समाज को सौगात देते हुए घोषणा की है कि आगामी 15 दिनों में 2000 गांवों में पंचायती जमीन से प्रजापति समाज के लिए जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। सुक्ष्म उद्यम शुरू करने वाले प्रजापत समाज के श्रमियों को हरियाणा ग्रामीण उद्यौगिक योजना के तहत वित्तीय सहायता दी जाएगी। बी, सी एवं डी श्रेणी के ब्लॉकों में मशीनी व भवन निर्माण निवेश पर 15 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। 7 वर्षों के लिए ऋण पर ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। सीएम सैनी ने फतेहाबाद क्षेत्र का जिक्र करते हुए हुए यहां लैंड दिलवाने के लिए तकनीकी समस्याओं का निदान करने का विश्वास दिलाया। समाज की मांग पर माटी कला बोर्ड में चेयरमैन की नियुक्ति जल्द करने का आश्वासन दिया। सुरेन्द्र आर्य ने समाज के प्रति इन सौगातों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सभी मंत्रियों का आभार प्रकट किया और सीएम सैनी हर वर्ग व समाज को पूरा मान सम्मान देते हैं।

### पेंशन में बदलाव किसी कीमत पर सहन नहीं होगा : वजीर सिंह

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में और अन्य मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों ने मंगलवार को फतेहाबाद में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर रोष प्रदर्शन किया। सडक़ों पर उतरे सैंकड़ों रिटायर्ड कर्मचारियों ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस विधेयक को तुरंत वापस लेने और अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने उपायुक्त फतेहाबाद को प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र भी सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान भोला सिंह ने की व संचालन जिला सचिव बेगराज ने किया। प्रदर्शन में विशेष तौर पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के उप प्रधान व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान वजीर सिंह ने भी हिस्सा लिया। उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान वजीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार पेंशनर्स की मांगों के प्रति गंभीर नहीं है और धोखा कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पारित किए गए पेंशन विधेयक को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। क्योंकि इसके तहत 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को आठवे वेतन आयोग के मिलने वाले लाभो से वंचित कर दिया जाएगा। इस विधयेक ने राज्य और केंद्र सरकारों के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों में बेचैनी पैदा कर दी है। इसके राज्य सरकार व पेंशन भोगियों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे, जिस कारण पेंशन भोगियों में भारी असंतोष है। इस अवसर पर जिला प्रधान भोला सिंह, सचिव बेगराज, कोषाध्यक्ष रघुनाथ मेहता, राजकुमार हडोली, अजीत सिंह, हरपाल सिंह, मनोहर लाल, रामदास, कृष्ण मेहरा, बलबीर सिंह महमडा, सुखविंदर सिंह, लाभ सिंह, हरिकिशन, राजेंद्र प्रसाद भट्टू, मास्टर राजपाल मिताथल, सीएन भारती, भूप सिंह भडोलावाली, रामनिवास शर्मा अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी।

### ज्ञापन में इन मांगों को उठाया

डीसी को सौंपे पीएम के नाम ज्ञापन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने मांग की है कि पेंशन वित्त विधायक 2025 को वापस लिया जाए। कोमूट की गई राशि को 10 वर्ष 8 माह के बाद काटना बन्द करो। पेंशनर्स को 65 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु होने पर 20 प्रतिशत की बेसिक वेतन वृद्धि दी जाए। मेडिकल भत्ता 3 हजार मासिक हो, बिना शर्त के पेंशनर्स को कैशलैस मेडिकल सुविधा दी जाए। वरिष्ठ नागरिको को एसी, वोल्वो निजी बसों समेत बसों के किराये में रियायत मिले। रेलवे व हवाई यात्रा के किराये में रियायती सुविधा के लिए केन्द्र सरकार को पहले की तरह लागू करने की सिफारिश की जाए। पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर्स को पुरानी पेंशन लागू की जाए व आय कर से मुक्त किया जाए। पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर्स को एलटीसी की सुविधा ब्लाक वर्ष के प्रथम वर्ष में ही उपलब्ध की जाए। कोरोना काल का 18 माह का? मंहगाई भत्ते का बकाया एरियर दिया जाए। रिटायर्ड कर्मी की मृत्यु के बाद सामाजिक सुरक्षा के लिए दी जाने वाली बुढ़ापा पेंशन पत्नियों/ पतियों को बिना शर्त दी जानी जारी रखी जाए।



## रजिस्ट्री प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला की उपायुक्त मनदीप कौर ने मंगलवार को लघु सचिवालय द्वितीय खंड स्थित ई-दिशा केंद्र का औचक निरीक्षण किया और वहां चल रहे रजिस्ट्री कार्यों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रजिस्ट्री काउंटर पर उपस्थित कर्मचारियों से स्टांप की उपलब्धता, टोकन वितरण प्रणाली, कार्य प्रणाली और नागरिकों को दी जा रही सेवाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ई-दिशा केंद्र में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित नियमों, प्रक्रियाओं और पारदर्शिता के साथ करें ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि रजिस्ट्री प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता को समयबद्ध, सरल और सुलभ सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ई-दिशा केन्द्र की कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि डिजिटल युग में इस प्रकार के केन्द्र नागरिकों के लिए शासन को सुगम और सुगठित बनाते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त ने रजिस्ट्री काउंटर पर मौजूद नागरिकों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनीं।

## खोया हुआ फोन लौटाकर छात्र ने की मिसाल कायम, टीचर ने किया सम्मानित



फतेहाबाद। छात्र को सम्मानित करती शिक्षिका।


**फतेहाबाद।** ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए एक छात्र ने रास्ते में मिला कीमती मोबाइल फोन बिना किसी लालच के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय अहरवां के मुखिया देवेंद्र दहिया को जमा करवा दिया। बच्चे की इस ईमानदारी को देखते हुए स्कूल मुखिया ने उसे विशेष रूप से सम्मानित किया। मिली जानकारी के अनुसार, बलदेव जो कि राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय अहरवां का पांचवीं का छात्र है, बहुत ही गरीब परिवार से आता है। स्कूल आते समय रास्ते में सडक़ किनारे एक महंगा स्मार्टफोन पड़ा मिला। बच्चे ने बिना देर किए मोबाइल को अपने पास रखने की बजाय उसे स्कूल मुखिया को सौंप दिया। जब फोन के मालिक की पहचान हुई तो पता चला कि फोन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहरवां की भौतिकी की प्रवक्ता रेणूबाला का है। वह फोन के गुम होने के कारण बहुत परेशान हो रही थी क्योंकि एक तो मंहगा फोन दूसरा परिजनों के नंबर व अन्य डाटा सब फोन में ही रखती थी, सब जगह ढूंढ लिया था। मुख्य शिक्षक ने तुरंत प्रवक्ता को सूचना दी। इस घटना से प्रभावित होकर स्कूल के मुखिया देवेंद्र दहिया व प्रवक्ता रेणु बाला ने बच्चे को स्कूल प्रांगण में सभी के सामने सम्मानित किया। उन्हें एकप्रशस्ति पत्र और पुरस्कार भेंट किया गया।

# आपातकाल की घटनाओं की स्मृति में प्रदर्शनी लगाई

- लघु सचिवालय में लगी प्रदर्शनी का उपायुक्त मनदीप ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला प्रशासन तथा सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आपातकाल की विभीषिका को जनमानस के समक्ष लाने और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जन-जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मंगलवार को संविधान हत्या दिवस के रूप में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लघु सचिवालय द्वितीय फेज में स्थित ई-दिशा केन्द्र में एक जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन उपायुक्त मनदीप कौर द्वारा किया गया। उपायुक्त मनदीप कौर के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उप निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क विभाग अमित पंवार ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात उपायुक्त ने प्रदर्शनी का गहन अवलोकन किया, जिसमें आपातकाल के दौरान घटित घटनाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के हनन, प्रेस सेंसरशिप, नेताओं की गिरफ्तारी, नागरिक अधिकारों के हनन तथा लोकतंत्र पर मंडराए संकट की सजीव झलकियों को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को उस दौर की संवेदनशीलता, सरकार की कार्यप्रणाली और संविधान पर पड़े प्रभावों की जानकारी साक्षात्कारों, समाचार कतरनों, दस्तावेजों और दुर्लभ चित्रों के माध्यम से दी गई। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र की नींव अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर आधारित होती है और आपातकाल जैसे कालखंड से हमें यह सीख मिलती है कि संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी नई पीढ़ी को हमारे इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं से परिचित कराती है और उन्हें जागरूक बनाती है।



**फतेहाबाद।** प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन करती उपायुक्त मनदीप कौर।

## श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ का 20 सदस्यीय दल गंगोत्री के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

शहर के प्राचीन हनुमान मंदिर से श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ का 20 सदस्यीय दल गंगोत्री, गौमुख के लिए रवाना हुआ। मंदिर के पुजारी मान शास्त्री व राधेश्याम चोपड़ा, प्रवीण कुमार, पंजाबी सभा के युवा अध्यक्ष रमन बलाना, नीलकंठ कावड़ महासंघ के पूर्व चेयरमैन कमल अरोड़ा आदि संघ सदस्यों ने झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। मंदिर के पुजारी मान शास्त्री ने बताया कि इस बार शिवरात्रि पर जलाभिषेक का शुभ समय 23 जुलाई शाम 7 बजकर 19 मिनट से लेकर सुबह 4 बजे तक है। मौके पर श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ के प्रधान अजय ठक्कर, पंजाबी युवा समाज के प्रधान रमन बलाना, कमल अरोड़ा ने कहा कि यह दल गंगोत्री (गौमुख) से जल लेकर 23 को हनुमान मंदिर में जलाभिषेक करेगा। इस मौके पर संघ के चेयरमैन सन्नी चिलाना, सैंडी जिंदल, रजत, केतन, कालू डोडा, हनी जिंदल, पंकज गर्ग, आर्यन, यश, ललित गर्ग आदि अन्य सदस्य मौजूद थे।


रतिया। गंगोत्री के लिए रवाना होता श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ का जत्था।

# ढिंगसरा प्राथमिक पाठशाला में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से गांव ढिंगसरा स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक धर्मवीर झाझड़ा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने शिक्षक धर्मवीर झाझड़ा के साथ उनके जन्मदिन पर अनेक फलदार पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया। विद्यार्थियों को पौधारोपण का महत्व बताते हुए शिक्षक धर्मवीर झाझड़ा ने कहा कि स्कूलों में पेड़ लगाने से छात्रों को स्वच्छ हवा, छाया और शांत वातावरण मिलता है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण गतिविधियों में भाग लेने से छात्रों को पौधों की वृद्धि और विकास को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलता है, जिससे पर्यावरण के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें अपने जन्मदिन सहित हर खुशी के अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। विद्यालय के शिक्षकों ने धर्मवीर झाझड़ा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके द्वारा शुरू की गई इस मुहिम की सराहना की। इस अवसर पर द्वारका प्रसाद, राकेश रोशन, ओकेश, कविता, अनुपमा यादव, कविता बेदी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।


फतेहाबाद। गांव ढिंगसरा प्राथमिक पाठशाला में बच्चों के साथ पौधारोपण करते शिक्षक धर्मवीर झाझड़ा।

# नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी का अभिनंदन समारोह भाजपा कार्यालय सरसाई कमल में आयोजित किया गया। इस अभिनंदन समारोह में जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट व जिला कोर गुरप द्वारा नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों सहित सभी मंडलों के पदाधिकारियों के साथ-साथ सिरसा नगर परिषद, रानियां व ऐलनाबाद नगर पालिका के मनोनीत पार्षद सदस्य व सभी जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्यों का अभिनंदन किया गया और उनका मार्गदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम पार्टी पदाधिकारियों में एक नए जोश का संचार करते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है और पार्टी को मजबूती मिलने के साथ-साथ पार्टी को प्रचार-प्रसार को गति मिलती है। हमारा वरिष्ठ नेतृत्व कार्यकर्ता की चिंता करता है और समय आने पर हर संभव सहायता करता है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है, जो छोटे से लेकर बड़े स्तर तक के हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता की पूछ-परख करता है और उनकी हर समस्याओं का समाधान कर उन्हें प्रोत्साहित करता है, ताकि संगठन को मजबूती प्रदान की जा सके। मौके पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य जगदीश चोपड़ा, जिला प्रभारी वेद फुलां, पूर्व विधायक मक्खन लाल सिंगला, राम चंद कंबोज, ऐलनबाद से चुनाव लड़े अमीर मेहता, गुरदेव सिंह राही, जिला महामंत्री अम्बर कुमार व हनुमान कुंडू के साथ तमाम जिला के नवनियुक्त जिला पदाधिकारी, सभी मंडलों के पदाधिकारी, सभी मनोनीत पार्षद, जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य सहित सिरसा जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**सिरसा।** नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मानित करते हुए।

# बाबा राणाधीर मेला आज, तैयारियां पूरी

- हर दिशा में सीसीटीवी कैमरे लगाए निगरानी लगातार की जाएगी
- सेवा समिति के वालंटियर हर स्थान पर तैनात रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

बाबा राणाधीर मंदिर परिसर में अर्धवार्षिक मेला बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा।

मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर को रंग-बिरंगी डिजिटल लाइटों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है। बाबा राणाधीर सेवा कमेटी के सचिव अनिल कुमार सोनी और राजू गिरधर ने बताया कि मेले में देशभर से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। उनकी सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। हर दिशा में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। निगरानी लगातार की जाएगी। सेवा समिति के वालंटियर हर स्थान पर तैनात रहेंगे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

पुलिस प्रशासन की ओर से भी सख्त बंदोबस्त किए गए हैं। थाना प्रभारी ओमप्रकाश राड ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इसमें महिला पुलिसकर्मी और सिविल वर्दीधारी जवान भी शामिल होंगे। भूना पुलिस का प्रयास रहेगा कि आमजन के सहयोग से श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिले।


भूना। भूना क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा राणाधीर जी महाराज की प्रतिमा।

## सांसद सुभाष बराला ने जिला फतेहाबाद की वर्षगांठ पर दीं शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने जिला फतेहाबाद की स्थापना दिवस के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई 1997 को अस्तित्व में आया यह जिला आज सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। यह दिवस न केवल जिले के गठन की याद दिलाता है, बल्कि इसके विकास की गौरवगाथा को भी उजागर करता है। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि बीते वर्षों में फतेहाबाद जिला ने अनेक राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां अपने नाम की हैं। किसानों, युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों के परिश्रम और प्रशासन की सक्रिय भागीदारी के कारण जिले ने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र में शानदार कार्य किया है। उन्होंने कहा कि टोहाना, रतिया, भूना, जाखल, फतेहाबाद जैसे क्षेत्रों ने भी अपने स्तर पर अभूतपूर्व विकास किया है। उन्होंने कहा कि जिला फतेहाबाद में परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिलता है।

### गांव को नशामुक्त करने को लेकर गांव रजाबाद में 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की

# नशामुक्ति को लेकर हर घर तक पहुंचना महाशक्ति ट्रस्ट का लक्ष्य: भवानी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में फतेहाबाद जिले से शुरू की गई नशामुक्त हरियाणा मुहिम का असर धीरे-धीरे नजर आने लगा। गांवों में काफी संख्या में युवा इस मुहिम से जुडक़र न केवल स्वयं नशे से दूर हो रहे हैं वहीं अपने गांव को भी नशामुक्त बनाने के लिए दूसरों को जागरूक करने में जुटे हैं। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में ट्रस्ट द्वारा जिलेभर के गांवों में युवाओं को जागरूक कर नशे के खिलाफ लड़ाई लडऩे वाले योद्धाओं की टीम गठित की जा रही है। भवानी सिंह का कहना है कि ट्रस्ट का लक्ष्य जिले के हर घर तक नशामुक्ति की मुहिम को लेकर जाना है, ताकि नशे से ग्रसित युवाओं की पहचान कर उन्हें इसे दलदल से बाहर निकाला जा सके। इसी कड़ी में ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को गांव रजाबाद में 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी ने उन्हें फतेहाबाद जिले को नशामुक्त करने का अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। भवानी सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने हेतु चलाई जा रही उनकी मुहिम को एसपी सिद्धांत जैन एवं प्रशासन द्वारा प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जोकि ट्रस्ट के लिए गौरव की बात है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रस्ट के साथ जुड़े और नशे के खिलाफ इस मुहिम को कामयाब बनाए। गांव रजाबाद में घोषित 12 सदस्यीय टीम में गुरभेज सिंह, नरेन्द्र कुमार, वरिन्द्र सिंह रंधावा, साहब सिंह, तारा सिंह, समुंद्र सिंह, भोला ठाकुर, अवतार सिंह भंडल, बिन्द्र ठाकुर, वरियाम सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह व अवतार सिंह राय को शामिल किया गया है। भवानी सिंह ने टीम सदस्यों को बधाई दी और नशे के खिलाफ अभियान में पूर्ण भागीदारी की अपील की।


**फतेहाबाद।** गांव रजाबाद में टीम की घोषणा करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह। फोटो :हरिभूमि